झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰ / 01 / 26 – 31 ,राँची / दिनांकः 03 / 07 / 2026

बी0एड0 / एम0एड0 / बी0पी0एड0 संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2026 के परीक्षाफलों के प्रकाशन (Result Publication) से संबंधित आवश्यक सूचना

पर्षद द्वारा दिनांक–31.05.2026 (रविवार) को आयोजित बी0एड0 / एम0एड0 / बी0पी0एड0 संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा –2026 में सम्मिलित हुए सभी परीक्षार्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा के परीक्षाफलों को, पर्षदीय वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर "Result Column" पर प्रवेश परीक्षा का नाम चुनकर, दिये गये दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षाफल (Result) दिनांक–06.07.2026 से डाउनलोड कर सकते हैं।

उक्त परीक्षा के चारों सेटों के प्रश्न–पत्रों के उत्तर कुंजियाँ (Answer Keys) पर्षदीय वेबसाईट पर दिनांक–03.06.2026 को जारी करते हुए दिनांक–08.06.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक परीक्षार्थियों से आपत्ति आमंत्रित किये गये थे। परीक्षार्थियों से प्राप्त सभी आपत्तियों के विरूद्ध विषय–विशेषज्ञों का मंतव्य प्राप्त कर, आपत्तियों का निराकरण करते हुए, अंतिम / संशोधित उत्तर कुंजियाँ (Final/Revised Answer Keys) पर्षदीय वेबसाईट पर अपलोड कर दिये गये है। उक्त के हीं आधार पर परीक्षाफल को तैयार किया गया है।

समान प्राप्तांक वाले दो या दो से अधिक परीक्षार्थियों के मेद्या–क्रम का निर्धारण निम्न प्राथमिक्ता क्रम के अनुसार की गयी है :–

(1) NCC'C'/NSS प्रमाण–पत्र धारी परीक्षार्थी
(2) पहले जन्म–तिथि वाले परीक्षार्थी
(3) परीक्षार्थी के प्रथम नाम के हिंदी में वर्ण–क्रमानुसार
(4) परीक्षा में परीक्षार्थी के सही उत्तरों की संख्या

परीक्षा नियंत्रक के आदेशानुसार,

03/07/26

विशेष कार्य पदाधिकारी